>

Title : Further discussion on the motion for consideration of the Illegal Immigrants and Overstaying Foreign Nationals (Identification and Deportation) Bill, 2009, moved by Shri Baijayant Panda on 25th February, 2011 (Bill Withdrawn).

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): Mr. Deputy-Speaker, I had just begun speaking on this issue last time. I had briefly made the point that many people consider our country as a developed country – in fact when President Obama was speaking here to us Parliamentarians, he said the same thing – the fact remains that we are a developing country and we have limited resources and we have constraints in meeting the needs of our own citizens. This should not be taken to mean that we are small hearted in any way. When it comes to difficulties faced by other countries, India has always reached out. When there was a tsunami that affected south-east Asia, India was one of the first countries to reach out and help the citizens of the south-east Asian countries. When there was an earthquake in Pakistan, India was one of the first countries to reach out and offer help to the citizens of our neighbouring country.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI V. NARAYANASAMY): Today there has been an earthquake in Japan which has caused severe damage. More than forty lakh houses have been damaged. A tsunami was also there.

SHRI BAIJAYANT PANDA : I take the point that the hon. Minister is making in that it is not just the developing countries and not just our neighbours whom we have helped. We must also remember that in 2005 when hurricane Katrina hit the southern coast of the United States, again India was one of the first countries to reach out and offer financial help which was also accepted.

The point I am making is that India is a country that has a large heart and India and has offered succour and help to citizens of countries far and wide in our neighbourhood and across the world in helping them during their times of distress. But we must not forget that in our country of 1.2 billion people, we still have hundreds of millions of our own citizens who are deprived of the basic necessities. Our resources are constrained in the sense that we are not at the stroke of a pen able to take care of the difficulties of all our citizens.

We have of course been developing as a country and as an economy. Compared to what we were twenty years ago, our economy has developed a lot and we are considered as an emerging super power in the world. But our first priority must remain to take care of the needs of our own citizens, which is why the Bill that I have proposed seeks to take further measures to ensure that we manage illegal immigration into our country with a great focus, greater effort and greater consciousness.

**16.00 hrs.**

Sir, when I speak about the needs of our own country's citizens, depending upon the measure that we use, we have either 20 per cent to 25 per cent of our population live below the poverty line or, depending on certain other measures, up to 800 million of our citizens live on a basic income of hardly Rs. 20 per day. We can use any measure of poverty. Some of the international measures of poverty are earning capability per person of one dollar per day or earning capability per person of two dollars per day. We use these measures and we also use other measures, such as calorific intake available to citizens, whether they take adequate food or not. By any of those measures, India contains the largest number of poor people in the world.

**16.01 hrs** (Shri Inder Singh Namdhari *in the Chair*)

In this context, if we have to see the strains that illegal immigration puts on our country's resources, then some of these facts are startling. When we try to find out the details of how many illegal immigrants are there in this country, one of the startling facts is that there are no clear numbers; there are only estimates available. Let me cite some of the estimates that are available. According to some estimates, there are between 20 million and 25 million illegal immigrants in this country, who should not have been here in the first place. That is not an insignificant number. If we look at 20 million or 25

million people, who are illegal residents of this country, who have come here from other countries, then we have many States in our country which do not have that much population. We have many developing States in our country where even if the population is more than 25 million, we have equal number or more number of people that do not get the full benefits of being an Indian citizen.

Some more statistics are highly illuminative. In 2009, these issues were raised in the Parliament. In reply to a question raised in the Rajya Sabha, statistics were given with respect to just one sub-section of illegal immigrants, which are those illegal immigrants who have come from Bangladesh and this should serve to be quite illuminating. In 2005, 485,640 Bangladeshis came to India with valid travel documents and out of those, 12,338 stayed behind illegally. This is just a sub-section of people who have come here with valid documents but have decided to stay on. But if you look at only that sub-section, the trend is quite alarming. This is as per the Government statistics. These statistics have been furnished by the Central Government to Parliament, to the other House, Rajya Sabha, only two years ago. If you look at that number, the number of Bangladeshis, who came to this country in 2007 as opposed to 2005 increased to 5,00,234. These are legal visitors with proper documents, but out of that number, 25,712 then became undocumented and untraceable, who stayed behind without proper papers. If you look at the trend, the number of document legal travellers from only this one country, who came to India went up marginally from 4,85,000 in 2005 to 5,00,000 in 2007, but from that, the number, who stayed behind illegally, has doubled. So, in 2005, you have 2.5 per cent of these legal travellers who then decided to stay on illegally whereas in 2007, that number has doubled when you had five per cent of these legal travellers who decided to stay back in the country illegally. That five per cent is not a small number as it comes to 25,000 people. This is only that small sub-section of legal travellers out of whom a percentage stayed behind illegally in this country and that too, legal travellers from only one country, Bangladesh.

If you extrapolate from this, then you can come up to some staggering numbers of illegal immigrants visiting this country from various other countries; staying on in this country; and not just those who come here legally and stay on, but those who are smuggled across and those who are victimised even as part of human trafficking network. We all know that the poor citizens of the sub-continent -- India, Nepal, Bangladesh, Pakistan -- are exploited; are duped; and are bought and sold like cattle in human trafficking rings. Some of them just come for work, but many, particularly, young adults or even those who are not yet adults are exploited and sold into prostitution and many other such deplorable activities.

The fact is that India is not doing much about this. The fact is that India has been held to shame in front of the rest of the world with regard to human trafficking. Just the other day we were discussing in this august House that repeatedly international organisations -- who monitor human trafficking -- rate India's efforts as sub-optimal or as sub-par. The United Nations or other multilateral organisations hold India's efforts as very poor. Countries like the United States of America have put India on a tier-II watch-list for human trafficking. These are all inter-connected issues.

Illegal immigrants into our country strains our own resources; deprives our own citizens of basic necessities, which we must provide them; and at the same time, we are playing into the hands of law breakers who run human trafficking networks. I do not want to give the impression that India is a country that has a closed mindset. In the 21st century, as we emerge as an economic superpower on the world stage, we need to have a broad and modern view of legal immigration. Actually, we need to attract certain kinds of talent as our country develops parts of its economy, which are world-class whether it is IT; medical facilities; software services; and so many other services, and we are lacking behind there.

We are blocking the type of immigrants that we require to have in this country. We are not allowing scholars from other countries to come here for Phd. studies; we are not allowing world-renowned professors from other countries -- many of them nobel laureates -- to come here and teach in our universities; and we are not allowing high-level professionals to come and contribute to India's economy. Actually, we are doing it, but we are putting a great deal of red tape and a great deal of hurdle in their way, and we are prepared to turn a blind eye to millions and millions of illegal immigrants who either are just smuggled across the border or come legally and then stay on illegally where they have become as much of a drain to the economy as a contributor.

The Bill that I have proposed intends to address these issues. We must make many changes to our law in welcoming highly qualified immigrants. The other developed countries have gone through the same phase that we are going through, and they have provided the laws to attract high quality immigrants who contribute to the nation in terms of research; in terms of development; and in terms of investment. We must have investment visas that allow qualified individuals from other countries to come and invest in our country; we must have visas for higher studies; we must have visas for R&D; and we must provide residential facilities to those qualified individuals from countries that we are prepared to accept them from to have those facilities. This is where our laws are stuck in the 19th century, and yet as I said, millions of immigrants are coming into this country without any proper documentation and without that degree of contribution to our tax system; to

our social services; and to all these other aspects of our economy.

The Bill that I have proposed requires that a Commission be setup at both national and State-levels.

Sir, the proposal is for either a serving, or more likely a retired Judge of the Supreme Court at the national level and the High Court at the State level for the memberships to be formed. Unless this happens, we are not going to be able to take any steps to deal with the scourge of illegal immigration in our country.

The fact remains that we simply treat this with a blind eye. I can tell you one of the greatest gaps in our dealing with this issue is that we do not empower our Coast Guards. We spend lakhs of crores of rupees on our Defence, and even on the Coast Guards, we have started spending some money. The Coast Guards spends enormous resources in patrolling certain parts of the country, the coastal parts of the country like Maharashtra and Karnataka are patrolled extensively. But I can tell you from my own experience that my State, which has one of the largest coastlines in the country, nearly 500 kilometres, although it has seen some stepped up action by the Coast Guards in recent years, the fact is it is grossly inadequate. This is a subject that has been raised by me; this is a subject that has been raised by many of my colleagues from Orissa that we do not have adequate Coast Guards patrolling. Some small improvement has happened in recent times where a small number of helicopters are doing patrolling, but that is not enough. We need a greatly increased Coast Guards presence on the Eastern Coast of India because large numbers of immigrants use this unprotected Coast of ours to enter the country.

This has been discussed; we have had commitment from the Government; we have had commitments from the Home Ministry, to step up these activities, but they have just not been happening. I would like to take this opportunity to bring this to the attention of the Government that we need to make substantially more investment in resources for the Coast Guards if we are to protect our coastline from illegal immigration.

Sir, the Bill that I have proposed would provide that on a regular basis. The Government deals with this problem. Government, by itself, has many distractions. There are many issues that it has to deal with on a weekly basis, on a daily basis; it does not stay focussed on the issue of illegal immigration. Only on the odd occasion when such issues are taken up in Parliament, we get certain assurances, but really no steps are taken by the Government to fulfil.

If you look at the number of people that have been deported from India, again, the numbers are not increasing. Although the number of illegal immigrants is increasing, the numbers of those people who are being caught and deported are actually decreasing. You can clearly tell from this that the Government is simply not focussed on this. I do not want to sound prejudiced against any particular country. I will again cite Bangladesh. The reason is the largest number of data that is available has to do with citizens of that country. I do not have prejudice against any particular country. In any case, our focus has to be that our first priority is to provide our services to our citizens. People from other countries are welcome here as long as they come through documented procedures, as long as they come with proper travel documents.

But just to use the statistics that are available, I have just told you that the number of illegal immigrants or those who come with documented papers but stay on from Bangladesh has doubled in the last two or three years. Yet, the numbers who are being detected and deported are decreasing. Let me give you the statistics. In 2006, the number of Bangladeshis who were deported was 13,692 whereas in 2008, it was 12,625. So, the number of legal visitors is increasing; out of them, the number who is remaining here illegally is doubling, but the numbers who are being detected and actually deported is actually decreasing. This is a clear evidence that the Government is simply not focussed.

Sir, the Commissions that I have suggested at State and national levels would have to do this on a regular full-time basis. Of course, being from Orissa, I have proposed Bhubaneswar as one of the headquarters, but that is not the main issue. The main issue is that the country as a whole has this problem. We have a particular problem because we have a long coastline, and we have a great number of illegal immigrants. But the entire country faces this problem. Whether the headquarters of the Commission are at Bhubaneswar, Patna, Mumbai, Bengaluru or Delhi is not the issue. The issue is we must start taking steps; we must start taking steps to implement the law of the land.

I am not asking for anything out of the way. I am not even asking for new laws to deal with illegal immigration. I am asking for the provisioning of Commissions by people of eminence, retired judges, or even serving judges, to only implement the law as it stands today. This issue has been debated not just in Parliament, not just in media, not just throughout the country, but it has also been dealt with by the courts.

We are aware that certain of our Northeastern States have seen this problem on an enormous scale over the past few decades. There have been allegations that the entire demographics of some of our Northeastern States is changing. We have enough of a challenge within our country dealing with changing demographics. We have enough of a challenge within

our country to ensure that any Indian has freedom of movement from any part of India to another part of India. We have enough challenge in ensuring that any Indian should be able to make a livelihood in any part of India. On top of this we do not need to add additional challenges of our demographics being changed by non-citizens of this country coming and changing our demographics.

These issues have been taken up at the highest judicial levels of this country. There have been laws passed. Some of these laws have been not upheld by the Supreme Court. I would like to cite some of these things. In 1983, the Government enacted the Illegal Migrants (Determination by Tribunals) Act to facilitate setting up of tribunals, to determine if a person is illegal or not. This Act overrode the Passport Entry into India Act, 1920, and Immigrations Expulsion from Assam Act, 1950, and the Passport Act, 1967.

The contentious provision of the 1983 Act was the condition that the onus of proving the citizenship credentials of a person in question lies with the complainant and the police and not on the accused, which is not the case with the 1946 Foreigners Act. This has been heard in the Supreme Court. The Supreme Court has held the 1983 Act as *ultra vires* of the Constitution and has overthrown it. In overthrowing the 1983 Act the Supreme Court decided that all cases will be decided in the manner provided by the Foreigners Act 1946 and the Foreigners Tribunals Act, 1964, and accordingly, 32 foreigners tribunals are functioning in Assam.

Assam is not the only part of the country that has this problem. We cannot turn a blind eye to the fact that the Supreme Court has ruled unconstitutional certain aspects of new laws which were attempted within the last two or three decades which did not solve the problem. The fact is, we have laws in place. The 1946 Foreigners Act the Supreme Court found adequate. And it does put the onus on the alleged people to prove their citizenship. Anybody who is a citizen of India should not have any problem in proving that.

If 32 tribunals can be functioning in Assam, there is no problem why five of them cannot function throughout the country or 30 of them cannot function throughout the country, one in each State. The fact is, we need to take steps to check illegal immigration and infiltration. We need to take steps to check those legal visitors who come here with proper papers and then stay on illegally.

Some steps have been taken. Before concluding I want to acknowledge that. For example, I mentioned that some enhancement of resources of Coastguard has happened but it has not happened uniformly, as I said. Some parts of the country are being patrolled, my part of the country is not being patrolled. Similarly, some resources have been provided to the Border Security Force. There has been some investment in equipping them with modern and sophisticated equipment, reduction in the gaps between border outposts. Now, there are more outposts because the gaps between outposts are less.

But a lot more needs to be done. Patrolling needs to be intensified by the BSF as well as by the Coastguard. There has to be a comprehensive programme of construction of border roads, border fencing, flood-lighting, and many other such steps.

I know that many of my colleagues are waiting to speak on this subject as well as on many other subjects. I do not want to take up too much time but I want to conclude by saying that we have enough of a problem with a large population; we have enough of a problem with constraints of resources that we should not be turning a blind eye to adding to these problems with illegal immigrants coming into the country. It is high time that we took notice of this. We keep taking notice of this every time there is a hue and cry. But it is high time that we put a mechanism in place which will deal with this on a day-to-day basis so that the Government does not lose focus and move on to other issues and once or twice a year be hauled up on this issue.

It is high time that we pass such a Bill and put such Commissions in place with eminent people who can deal with this problem on an on-going basis.

All I am asking for is implementation of the existing laws and to create new laws to allow immigrants in qualified categories in highly technical and in higher education categories. I am not asking for any fundamental change of the law; I am only asking for the law to be implemented for which we need these Commissions to be in place.

With that, I move this Bill.

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

> "That the Bill to provide for identification of illegal immigrants and those foreign nationals who are overstaying in the country or have gone missing after the expiry of their visas and for their deportation to the countries of

their origin and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

MR. CHAIRMAN: I have one request to make to the hon. Members. To maintain the sanctity of the Private Members' Business, I would request all of you to be present. Otherwise, the sanctity will be lost.

Shri Shailendra Kumar.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कोशाम्बी):** सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपका आभार व्यक्त करता हूं और भाई अर्जुन मेघवाल जी को भी धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे पहले बोलने का समय दिया। श्री वैजयंत पांडा जी द्वारा अवैध आप्रवासी और स्वीकृत अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए विदेशी राष्ट्रिक (पहचान और निवासन) विधेयक, 2009 पर बोलने का अवसर दिया।

सभापति महोदय, मैं पांडा जी की बात को बड़े ध्यान से सुन रहा था, उन्होंने कोई ऐसी बात नहीं छोड़ी, सब बातें विस्तार से कही हैं। यह बात सत्य है कि हमारे देश में बहुत समय से बाहर रहने वाले आप्रवासी यहां आते हैं, जिनका वीज़ा होता है, वीज़ा समाप्त होने के बाद भी वे यहां रुक जाते हैं। यहां आने के बाद वे लापता भी हो जाते हैं। वे यहां अधिक समय से ठहरे हुए होते हैं, इससे भारत की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को भी खतरा है। इससे हमारी आंतरिक सुरक्षा भी प्रभावित होती है। खासकर देखा जाए तो हमारे देश में बंग्लादेश के बहुत सारे लोग यहां पर हैं, जिनकी अभी तक हम लोग कोई व्यवस्था नहीं कर पाए हैं। अगर आंकड़े देखे जाएं तो मेरे ख्याल से भारत में लगभग दो करोड़ अवैध प्रवासी इस वक्त रह रहे हैं, जो चिन्ता का विषय है। जो दक्षिण-भारतीय हैं, वे श्रीलंका से आए हैं। पंजाबी बताने वाले बहुत से लोग हैं, जो पाकिस्तान से आए हैं और जो अपने को बंगाली बताते हैं, वे बंग्लादेश से आए हैं। ये बहुत बड़ी समस्या है, इसे कायदे से हमारी जो इंटेलीजेंस है, आंतरिक सुरक्षा से जुड़े हुए जो लोग हैं, उन्हें चाहिए कि इसकी जनगणना कर लें और देखें कि बहुत से लोग कब आए हैं, किस स्थिति में हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहता हूं कि यह बड़ी चिन्ता का विषय है, यहां रहने के बाद वे राशन कार्ड और मतदाता पहचान-पत्र भी बनवा लेते हैं। ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवा कर यहां पर आराम से भारतीय, एक तरीके से शरणार्थी बन कर यहां रह रहे हैं। गवर्नमेंट को इसके बारे में नहीं पता है। हमारी सरकार ने, बहुत सी इंटेलीजेंस एजेंसियां हैं, उन्होंने इस पर कदम उठाया है। मेरे ख्याल से लगभग 13,000 लोगों को वापस भेजने का काम भी किया है, जो एक चिन्ता का विषय है। मैं चाहूंगा कि हमारे जो विदेश मंत्रालय और अन्य एजेंसियां हैं, ये वहां के तमाम देश के जो लोग हैं, उनके दूतावासों, विदेश मंत्रियों से वार्ता करके इन लोगों को वापस भेजने की व्यवस्था करें।

सभापति महोदय, दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि जो खुद को शरणार्थी कह रहे हैं, उनके बारे में भी सरकार चिन्तित थी, यही कारण है कि आज इस विधेयक को यहां पर लाया गया है। सन् 2009 में देश में रहने वाले विदेशियों की संख्या के आंकड़े जो बताते हैं, वे 65,000 के करीब और सन् 2008 में 11,000 थे। उस समय 53 लाख विदेशी भारत आए, जिसमें 65,000 अवैध तरीके से रुक गए।

सभापति जी, जिनमें से सुरक्षा एजेंसियों ने केवल 7426 विदेशियों को गिरफ्तार किया था और केवल 13 हजार को वापस भेजा गया है। यह चिन्ता का विषय है कि इस तरह से इतने लोग यहां अवैध तरीके से रह रहे हैं, यह ठीक नहीं है। यह सवाल हमारे देश की आन्तरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। देश में तमाम ऐसी आतंकवादी घटनाएं भी होती रहती हैं। इनमें ऐसे तमाम तरह के लोग, जो घुसपैठ कर के आ जाते हैं और यहां रह रहे हैं, वे शामिल पाए जाते हैं। इसलिए इन सभी की जनगणना होनी चाहिए, ताकि सुरक्षा एजेंसियां उन्हें समय-समय पर जाकर देखें कि उनकी गतिविधियां क्या हैं।

महोदय, यहां तक देखा गया है कि जो बंगला देश के लोग हैं, वे यहां आए हैं। अफगानिस्तान से बहुत से लोग आए हुए हैं, जो अवैध तरीके से रह रहे हैं और वे तमाम अपराधों में लिप्त रहते हैं। वे पकड़े भी गए हैं। उनके वीजा भी समाप्त हो गए हैं और फिर भी यहां पड़े हैं। जिनके वीजा समाप्त हो गए हैं, तो उन्हें वापस जाना चाहिए। इस विषय पर विदेश मंत्रालय, उन देशों के दूतावासों से बात करे, उन देशों के विदेश मंत्रियों से बात करे। मैं अभी रिपोर्ट देख रहा था, जिसमें मैंने पढ़ा कि विदेश राज्य मंत्री, श्रीमती परनीत कौर ने संसद में बयान दिया कि अमेरिका में जो हमारे 1500 छात्र पढ़ रहे हैं, उनके लिए भी छुट्टियों में एक संकट पैदा हो जाता है, क्योंकि रेडियो यांत्रिक तंत्र के द्वारा उनकी विजिलेंस की जाती है और जब उनका वीजा समाप्त हो जाता है, तो अमेरिका की कोशिश रहती है कि वे वापस अपने देश जाएं। जो लोग पढ़ने जाते हैं, उनके लिए वहां अनेक प्रकार की समस्याएं होती हैं। इस प्रकार के बहुत लोग हैं, जिन्हें समस्याएं झेलनी पड़ती हैं।

महोदय, अभी हमारे श्री पांडा जी ने जैसा कहा हमारे बहुत से मछुआरे ऐसे हैं या बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनजाने में बॉर्डर क्रॉस कर जाते हैं और पकड़े जाते हैं, उन्हें भी अपने देश में लाने की व्यवस्था की जाए। अभी हमारी विपक्ष की नेता ने, सोमालिया के डाकुओं द्वारा जो हमारे भारतीय पकड़े गए हैं, उन्हें भी छुड़ाने और देश लाने की बात कही था। सदन उनके लिए चिन्तित था। इस प्रकार की तमाम बातें हैं। यदि बाहर का नागरिक यहां आता है, तो जब तक उसके पास वीजा है, तब तक वह यहां रह सके, यहां घूम सके, पर्यटक के रूप में घूम सके और देश को देख सके, लेकिन वीजा समाप्त होने के बाद उसे जाना चाहिए। हमारे लोग बाहर जाते हैं और वीजा समाप्त होने के बाद उन्हें सख्ती से और कड़ाई से देश भेज दिया जाता है और जो नहीं आ पाते हैं, उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। वे वहां इतनी फ्रीडम में नहीं रह पाते हैं। इसलिए कम से कम दूसरे देशों से सीख लेकर हमें अपने देश में भी ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे कि वीजा समाप्त होने के बाद, भारत आए हुए विदेशी वापस अपने देश में जा सकें।

महोदय, पांडा जी ने जो यह विधेयक प्रस्तुत किया है, इसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं क्योंकि यह बहुत अच्छा विधेयक है। यह हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ विधेयक है। मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए, अपना बात समाप्त करता हूं।

**श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सभापति महोदय, श्री वैजयंत पांडा द्वारा लाए गए विधेयक के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। आपको पता है कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वहां हम लोग खुद ही इस समस्या से जूझ रहे हैं और किस काँटैक्ट में समस्या से जूझ रहे हैं, यह भी आप जानते हैं। हम मालिक हैं, झारखंड के लोग मालिक हैं, आप भी उसी राज्य से आते हैं। हम इस देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा माइंस, मिनरल्स, कोल और अन्य चीजें पैदा करते हैं। हमारे ही ऊपर पूरा देश आधारित है, फिर चाहे रेलवे चल रही है या मुम्बई चल रही है या दिल्ली चल रही है। यदि हम अपना उत्पादन बन्द कर दें, तो यह देश ठप्प हो जाएगा। मैं इस सदन में बड़ी गम्भीरता से ये बातें कह रहा हूं, लेकिन जो मुम्बई के अन्दर हो रहा है, आपने देखा होगा कि हमारे ही लोगों को बिहारी कह कर और मारकर भगा दिया जाता है। हम लोग ही गरीब हैं, हम लोग ही परेशान हो रहे हैं। उसका कारण क्या है? उसका कारण रोजगार है। इसका मतलब यह नहीं है कि मुम्बई के लोग बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश के खिलाफ हैं या हिन्दी भाषी लोगों के खिलाफ हैं। उसका कारण यह है कि उनमें समझदारी का अभाव है। जिन लोगों को वे बिहारी समझ रहे हैं और समझ रहे हैं कि वे लोग हमारे लेबर का काम छीन रहे हैं, गार्ड का काम छीन रहे हैं, ड्राइवर और कंडक्टर हो रहे हैं और खलासी हो रहे हैं, ऐसा नहीं है। वे बेसिकली इन्फिल्ट्रेटर हैं। उनकी भाषा एक है, उनकी जुबान एक है, उनका चेहरा एक है और यह दिल्ली के अंदर भी हो रहा है। दिल्ली के माननीय सदस्य श्री जय प्रकाश अग्रवाल जी यहां उपस्थित हैं, वे मेरी इस बात की गवाही देंगे कि दिल्ली में भी ऐसा ही हो रहा है। घरों में काम करने वाले जो लोग हैं, वे इसी प्रकार के लोग हैं।

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** सभापति महोदय, मुझे तो इस बात की खुशी है कि माननीय दुबे जी ने मुम्बई के बारे में यह बात कहा तो सही।

**श्री निशिकांत दुबे :** महोदय, हमारी 15 हजार किलोमीटर की सीमा है। 7500 किलोमीटर की कोस्टल सीमा है और इस इन्फिल्ट्रेशन के कारण लोग कहते हैं कि हम वोट बैंक की पॉलीटिक्स के कारण बोलना नहीं चाहते, इस देश को बंटने मत दीजिए। कहा जाता है कि "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसे"

पहले यह जमीन है, जननी है, भारत है, उसके बाद हम सब हैं। वोट बैंक की पोलिटिक्स के आधार पर इस देश का बंटवारा हो चुका है और इस इन्फिल्ट्रेशन के आधार पर श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या हो चुकी है। पंजाब में किन लोगों ने आतंकवाद को भड़काया, यह किसी से छुपा नहीं है। हमारे दूसरे प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की हत्या हो चुकी है, मुम्बई में अटैक हो चुका है और हमारे प्लेन का हाईजैक हो चुका है, कंधार जैसा मामला हो चुका है।

यदि आप इतिहास में जाने की कोशिश करेंगे तो आप देखेंगे कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ भी हो रहा है, वह भी उसी इन्फिल्ट्रेशन के कारण हो रहा है। नागा एक्टिविटी यदि बढ़ रही है, उल्फा की एक्टिविटी यदि बढ़ रही है, नक्सलवाद यदि इस देश में बढ़ रहा है तो यह सब घुसपैठ के कारण हो रहा है या वैसे देश, जो इस देश को तोड़ देना चाहते हैं, उन देशों के कारण हो रहा है। इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं कि बिगाड़ के डर से ईमान की बात नहीं करेंगे क्या? यदि वोट नहीं मिलेगा तो इस देश को बचाने की बात नहीं करेंगे क्या?

हमारी गरीबी बढ़ रही है। यदि तेंदुलकर कमेटी की रिपोर्ट देखेंगे तो पहले हमारी गरीबी 27 प्रतिशत थी, वह अब 37 परसेंट हो गई है। लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है, 120 करोड़ लोगों को आप पानी क्या पिलाएंगे। पानी के लिए वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट आई है कि 2020 के बाद यदि सबसे ज्यादा भारत में कहीं लड़ाई होनी है तो वह पानी की लड़ाई होनी है, लेकिन हम पानी की चिन्ता नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि लोग बढ़ रहे हैं। मेरा यह कहना है कि हम इस बिल का समर्थन करते हुए इन बातों को यदि देखने का प्रयास करें तो हमारे लिए वह बढ़िया होगा।

कुछ फैक्ट्स हैं और मैं इसलिए यह बात कहता हूं कि हमेशा कहा जाता है, Our mistakes increase our experience and our experience always decreases our mistakes. एक बार हम गलती कर चुके हैं, दोबारा इस देश को गलती करने से रोकिये। घुसपैठ के कारण क्या हो रहा है, इसके कुछ आंकड़े माननीय विजयन्त पाण्डा जी ने दिये हैं। मैं कुछ और आंकड़े देना चाहता हूं और कुछ बयान हैं, जो मैं आपको सुनाना चाहता हूं। शेख मुजीबुर्रहमान ने अपनी किताब में लिखा है कि पूर्वी पाकिस्तान के पास पर्याप्त जनसंख्या है, वहीं असम के पास पर्याप्त मात्रा में वन सम्पदा है। असम में कोयले व तेल के भंडार हैं, इस कारण असम को पूर्वी पाकिस्तान का भाग होना ही चाहिए, तभी पूर्वी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सकती है। यह उन्होंने लिखा है। उसके आगे जुल्फिकार अली भुट्टो ने अपनी पुस्तक मिथ्स ऑफ इंडिपेंडेंट में लिखा है कि यद्यपि यह सबसे महत्वपूर्ण विवाद है, परन्तु यह गलत होगा कि भारत और पाकिस्तान के मध्य मात्र कश्मीर ही विवाद का मुद्दा है। कश्मीर के जितना ही महत्वपूर्ण विवाद पूर्वी पाकिस्तान की भारतीय सीमा से लगते हुए कुछ जिले और असम के बारे में भी है। पाकिस्तान का इन पर दावा बनता है। ढेरों उदाहरण ऐसे हैं, जो यह दिखाते हैं कि वे अपनी चीजों में सफल हो रहे हैं। हमारे यहां जो वोट बैंक की पोलिटिक्स हो रही है, वह इन बातों को सफल बनाने के लिए एग्रेसिव है।

अभी माननीय विजयन्त पाण्डा जी ने सुप्रीम कोर्ट का जिक्र किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट के जिक्र से पहले मैं आपको कहूं कि ऐसा कारण कैसे हुआ कि आई.एम.डी.टी. एक्ट को सुप्रीम कोर्ट को खत्म करना पड़ा। आई.एम.डी.टी. एक्ट कैसे इस पार्लियामेंट ने अलग से बना लिया, इस संविधान की धारणा को कैसे खत्म कर लिया। मौ. करीम छागला, वैलनोन लॉयर थे, ज्यूरिस्ट थे, मैं उनका बयान कोट करना चाहता हूं, जब यह कानून बना था तो उन्होंने इसके बारे में क्या कहा था। यह आपको पता है कि वे मुम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे, यहां के शिक्षा मंत्री रहे। उन्होंने कहा कि हमारे पास अपना संविधान है, हमारे पास नागरिकता

कानून है, सर्वोच्च न्यायालय के ऐसे निर्णय हैं, जो यह दर्शाते हैं कि कौन नागरिक है और कौन विदेशी। वर्ष निर्धारण करने में अनावश्यक इस विषय को इतना उलझा कर रख दिया है कि कोई भी व्यक्ति, जो इस देश का नागरिक नहीं है और यदि वह विदेशी है तो इसका क्या महत्व है कि वह भारत में कब आया है। भारत में प्रवेश करने का वर्ष उस व्यक्ति के वैधानिक स्तर को परिवर्तित नहीं कर सकता। विदेशी लोगों के नाम राज्यों की मतदाता सूची में नहीं हो सकते। उनको मतदान करने का कोई अधिकार नहीं है। यदि उनके नाम मतदाता सूची में हैं तो उनके नाम उनमें से निकाल देने चाहिए और इस बात की पूरी सावधानी बरतनी चाहिए कि दोबारा वे नाम न आ जायें। यह करीम छागला साहब ने कहा है और क्या हुआ है? आपको पता है कि इसी पार्लियामेंट में एक विदेशी मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट बन चुका है और सुप्रीम कोर्ट के कारण उसकी सदस्यता खत्म हुई है। वह एक-दो बार नहीं बना है, तीन बार सांसद बना है तो आप किस तरह की राजनीति कर रहे हैं, इस देश को कहां ले जाना चाहते हैं? ...(व्यवधान) उनका नाम सब को पता है। यहां नाम नहीं लेना चाहिए।...(व्यवधान)

राजेश्वर जी कहते हैं, जो पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल थे और जो आईबी के आफीसर रहे हैं, उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के सीमा क्षेत्र का एक अध्ययन बता रहा है कि बीस से चालीस पर्सेंट गांव सीमावर्ती क्षेत्र में घुसपैठियों के कारण घुसपैठ से प्रभावित हो रहे हैं। इसमें जाति का सवाल नहीं है, रिलीजन का सवाल नहीं है। इस देश में अलग-अलग कारण हैं, जो इन चीजों को बढ़ाता है। कोई कास्ट के आधार पर किसी को मदद करने की कोशिश करता है, कोई रिलीजन के आधार किसी को मदद करने की कोशिश करता है, कोई भाषा के आधार पर किसी को मदद करने की कोशिश करता है, लेकिन इस देश को तोड़ने के लिए वही सारी चीजें, जैसे सोवियत यूनियन टूट गया, जैसे तिमोर टूट गया, वही सिचुएशन इस देश की बन रही है। सभापति महोदय, हमारे और आपके ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि इस देश को हम कैसे बचायें? असम के पूर्व राज्यपाल श्री एस. के. सिन्हा थे, मैं कुछ कोट कर रहा हूं, वह कहते हैं कि राष्ट्रपति को भेजी रिपोर्ट में घुसपैठ के कारण असम में असमिया लोगों के अल्पमत में होने का खुलासा किया गया है। जब वह असम के गवर्नर थे, तब उन्होंने अपनी रिपोर्ट दी थी। उसके बाद श्री अजय सिंह गवर्नर बने थे, उन्होंने कहा था कि हर दिन बांग्लादेश में असम की सीमा पर कम से कम 15 हजार लोग घुसपैठ कर रहे हैं। ये कोई पालिटिकल लोग नहीं हैं। मैं जिन बातों को कह रहा हूं, इनका पालिटिक्स से लेना-देना नहीं है। उससे आगे बढ़कर सीपीआई के श्री इंद्रजीत गुप्ता जी, जब होम मिनिस्टर बने थे, तो उन्होंने इसी संसद में 6 मई, 1997 को कहा था कि भारत में डेढ़ करोड़ घुसपैठिए हैं। इंद्रजीत गुप्ता साहब ने ऐज होम मिनिस्टर 6 मई, 1997 को सदन में कहा था। पूर्व गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल साहब, जो अब कोयला मंत्री हैं, उन्होंने खुद एक्सेप्ट किया था कि डेढ़ से दो करोड़ अवैध घुसपैठिए यहां रह रहे हैं। इसमें पार्टी का सवाल नहीं है। इतनी सारी चीजें मौजूद हैं और उनको न रोकने के कारण आज क्या हो रहा है? पश्चिम बंगाल में अभी चुनाव होने वाले हैं, अधीर साहब यहां बैठे हुए हैं, वहां 292 विधानमसभा सीटों में से 52 पूर्ण रूप से और 100 अन्य विधानसभा सीटें घुसपैठियों से प्रभावित हैं। यह आईबी की रिपोर्ट है, मेरी रिपोर्ट नहीं है। असम में भी चुनाव हो रहे हैं, वहां 126 विधानसभा क्षेत्रों में 46 क्षेत्रों में ये निर्णायक भूमिका में हैं। हम जिस राज्य से आते हैं, यदि उसका पाकुर जिला, साहेबगंज जिला, गोड्डा जिला यानी पूरे संथाल परगना को आप देखेंगे तो उसकी डेमोग्राफी पूरी तरह से बदली है। पाकुर जिला एक रिलीजन विशेष का जिला बनता जा रहा है, साहेबगंज एक रिलीजन विशेष का जिला बनता जा रहा है। उसकी आग गोड्डा में आ रही है, देवघर में आ रही है, दुमका आ रही है, जामतारा में आ रही है, वही आग दिल्ली में आ रही है, वही आग गुजरात में जा रही है, अहमदाबाद में जा रही है, सूरत में जा रही है। इस पार्लियामेंट में अटैक हुआ, तो वह कौन लोग थे? यदि नेपाल से एक प्लेन का हाईजैकिंग हो गया तो वह कौन लोग थे? पूरी सीमा खुली हुयी थी, नक्सलवाद जिससे हम और आप प्रभावित हैं, आप जहां से चुनकर आते हैं, ये नक्सलवादी कौन हैं? प्रचंड का बयान है कि जब वह अपना आंदोलन चला रहा था, तो पांच साल जब वह अंडरग्राउंड था, संथाल परगना में बिताया। ये कौन लोग हैं? परवेज बरूआ साहब कहां रह रहे हैं? कौन उसकी एक्टिविटी को कौन बढ़ा रहा है, लश्कर-ए-तोइबा के लोग कहां रह रहे हैं, कौन उसकी एक्टिविटी को बढ़ा रहा है, कौन लोग अंदर आ रहे हैं, राजन देववर्मन कहां रह रहे हैं? नागा के जो हेड हैं, वह कहां रह रहे हैं? ये कौन लोग हैं? बर्मा बढ़ा रहा है, बांग्लादेश बढ़ा रहा है, पाकिस्तान बढ़ा रहा है, श्रीलंका से जो लिट्टे आया था, जिसके कारण माननीय राजीव गांधी की हत्या हो चुकी है, ये किस तरह के लोग हैं? केवल इसे रिलीजन से जोड़कर कि यदि भारतीय जनता पार्टी घुसपैठ की बात कर रही है, तो रिलीजन की बात कर रही है, यदि इस तरह की बात करेंगे तो यह देश कभी नहीं बन सकता है। इस देश को, इस पार्लियामेंट को यह समझने की आवश्यकता है और हमें देश बनाने की आवश्यकता है। वह क्या कर रहे हैं? वहां तस्करी हो रही है। मैं शिवरात्रि के दिन देवघर में था। आपको पता है कि मेरे चुनाव क्षेत्र में बासकीनाथ और बाबा वैद्यनाथ है, दो-दो ज्योतिर्लिंग हैं। मैं रात के ढाई बजे, चूंकि मुझे सुबह पार्लियामेंट आना था, मेरा प्लेन दुमका में था, तो मैंने ढाई बजे रात में कहा कि हम देवघर से बढ़ते हैं। देवघर से जब मैं दुमका की तरफ बढ़ रहा था, तो तीस किलोमिटर के रास्ते में देवघर से बासकीनाथ के बीच में, मैं गाड़ी बीस से पच्चीस किलोमीटर प्रतिघंटे से अधिक स्पीड से नहीं चला पा रहा था।

कारण क्या था? शिवरात्रि के दिन लोग रात के दो-ढाई बजे गाय और बैल लेकर जा रहे थे। बगल में जरमुंडी थाना है। मैं वहां गया और थाना प्रभारी को उठाया। मैं सांसद हूं और रात के दो बजे थाने में पहुंचा तो स्वाभाविक है कि वह भी दौड़ा-दौड़ा आया। उसने एसपी को फोन किया। वहां गाय और बैल की तस्करी हो रही थी। हम यहां एनीमल हस्बैंड्री की बात करते हैं, कृषि की बात करते हैं और वहां गाय, बैल कट रहे हैं, बंगलादेश जा रहे हैं, तस्करी हो रही है।

अभी सिल्क में ड्यूटी घटी है। यदि कहीं से चाइना सिल्क आ रहा है तो वह अरुणाचल प्रदेश, बंगलादेश, नार्थ ईस्ट के रास्ते से आ रहा है। यदि आप सिल्क में ड्यूटी घटाएंगे तो उस तरह की सिल्फ की तस्करी और ज्यादा होकर आएगी। इसी तरह हथियार आ रहे हैं। यदि राजस्थान का बार्डर देखेंगे तो एके-47 से लेकर एके-54 तक हथियारों की तस्करी हो रही है। जाली नोट कहां से आ रहे हैं? जाली नोट भी उसी रास्ते से आ रहे हैं। मादक एवं नशीले पदार्थ उसी रास्ते से आ रहे हैं। आप आईबी, रॉ या कोई भी रिपोर्ट देख लीजिए। सबसे बड़ी बात यह है कि जितनी भी अनैतिक गतिविधियां होती हैं, यदि प्रॉस्टीट्यूशन की बात भी करें तो यह उसमें भी बढ़ावा दे रहा है। मैंने आपको 5-6 कारण गिनाए। आपको लगता है कि इस देश में घुसपैठियों के खिलाफ कानून नहीं बनना चाहिए। पूरा किशनगंज, अररिया, दार्जिलिंग, वैस्ट बंगाल, राजस्थान के बार्डर का एरिया देखिए, किसने जमीन खरीद ली, पता ही नहीं चलता। यदि आप जम्मू कश्मीर को देखेंगे, सारी गतिविधियों को नोट करेंगे, तो इन्हें रोकने का सवाल है। यदि नहीं रोका तो पूरा देश इसे मार्क करके इम्प्लॉयमेंट की बात करेगा। हम गरीबों की जितनी भी बात कर लें, जितनी भी सैंट्रली स्पॉन्सर्ड स्कीम ला दें, आज गरीब वही है, क्योंकि हम-आप जिस राज्य से आते हैं, वहां 70 प्रतिशत लोग अशिक्षित हैं। 70 से 75 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे अपनी गुजर-बसर करते हैं। वे हमसे, आपसे लाल कार्ड के लिए प्रार्थना करते हैं। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की एक कविता है --

पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक

चल रहा लकुटिया टेक

मुट्ठीभर देने को, भूख मिटाने को

चाट रहे हैं झूठी पत्तल

कहीं सड़क पर खड़े हुए

झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए।

सवाल यह है कि गरीब आदमी की आत्मा हमें और आपको दोष देगी।

सभापति महोदय, मैं पांडा जी को धन्यवाद देता हूं कि वे बहुत अच्छा बिल लेकर आए हैं। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि आप इन घुसपैठियों को भगाने की कोई व्यवस्था कीजिए। आप यूआईडी के माध्यम से उन्हें जो नागरिक बनाने की बात करते हैं, इसके लिए कानून में कोई न कोई संशोधन कीजिए। यदि यूआईडी हो जाएगा तो उनका नाम वोटर लिस्ट में आ जाएगा, उन्हें बीपीएल कार्ड आदि सारी सुविधाएं दे दी जाएंगी। आप इसे खत्म कीजिए और हमारे सुझावों को मानते हुए इस बिल को ऐक्सैप्ट कीजिए। इन्हीं शब्दों के साथ जय हिन्द, जय भारत।

MR. CHAIRMAN : Shri Panda, have you given any suggestion that the names of those who have illegally infiltrated here should not be entered in the voters' list and that the guilty officials should be punished?

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): Sir, I have left it to the Commission which I have proposed and the rules are to be framed for the Commission and these are suggestions which ought to be incorporated in those rules.

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, my esteemed colleague, Shri Baijayant Panda has introduced a Bill under the nomenclature 'The Illegal Immigrants and Overstaying Foreign Nationals (Identification and Deportation) Bill, 2009'.

Sir, the tone and tenor of this legislative document appear to be innocuous as it has not been proposed that the existing Act should be replaced or repealed or anything like that. Some provisions are sought to be inserted in the existing legislation so as to implement the essence of the Foreigners Act, 1946.

So, I think, it is a pertinent proposition in view of the fact that illegal immigration has become a matter of major concern for us. Further more, illegal immigration has already assumed a world-wide phenomenon. In the United States of America also illegal immigration has been rising alarmingly as per the estimates of the US Government. We are well aware that Hispanic population used to cross over to the United States of America over the years and are eating away the jobs of the native Americans. Reports have also come that illegal immigrants from India are also swarming into that country. Therefore, illegal immigration cannot be a matter of concern for India alone. It is a world-wide phenomenon.

There are two types of immigration. One is political and the other is economical. Some of the immigrants are called political immigrants because they immigrate to other countries due to political persecution or religious persecution that they face in their own countries. So, due to these reasons they are forced to flee their native countries and they take refuge or shelter in their adopted countries or host countries. This is one type of immigration.

The other type of immigration is due to economic reasons. The socio-economic factor of all the countries is not the same. Therefore, people from developing countries or poor countries emigrate to the other countries for well-being of their lives.

So, there are two factors. One is 'pull' factor and the other is 'push' factor. Some people think that their fortune could be changed by emigrating the native country and by establishing themselves in foreign land, I mean the land of destination. The cost that they have to pay for this is that, they may not be eligible for exercising their franchise in the destination country; and they may be apprehended or arrested.

The other reason is the 'push' factor. Due to poverty and unemployment, people usually from poor countries cross the borders out of desperation, to eke out their livelihood. This kind of illegal immigration usually tends to flow from developing countries to developed countries. In the Indian sub-continent, as we know, India has been recognised as an emerging economy.

India is going to be an economic Super Power. That is why India plays the pull factor of the people of our neighbouring countries as they are allowed to eke out their livelihood by settling themselves in our country. There are other factors also, viz., religious persecution. Since our Independence, we have been facing the immigration problem due to the religious persecution being taken place, especially in Bangladesh and in Pakistan. When we attained Independence, the Hindu population in Pakistan was 20 per cent. Now, it has been reduced to 1.5 per cent Hindu population in Pakistan. That means due to religious persecution, a great chunk of Hindu population have been forced to flee their native country. Now, the question is how do we define those Hindus who have appeared as illegal immigrant in India. I would like to know whether they should be treated as refugees or they should be treated as illegal immigrants. Sir, we need to have a clear distinction in regard to refugee and illegal immigrant.

Sir, when Bangladesh was carved out to be a sovereign country, religious persecution also took place there. Lakhs of Hindu population were forced to flee into our country. Even *Chakmas* from Bangladesh also had the same fate and even the Burmese Muslims were forced to flee into Bangladesh by the persecution of Burmese Government. Therefore, we need to

have a clear definition of who should be called a refugee and who should be called an illegal immigrant.

Sir, I do not know whether illegal immigration and infiltrators can be defined in the same way. I also beg to differ that all the terrorist problems in our country are borne out due to illegal immigration. I think this will be the over simplification in view of the insurgency problem in our country. If you see the entire North Eastern Region, you will find that there is huge number of illegal immigration. It is also true that in West Bengal, there is huge number of illegal immigrants. But the fact is that West Bengal, Assam and Bangladesh at some point of time belong to undivided British India. The entire Assam region was sparsely populated. So, people from West Bengal, North India and from Bangladesh would have settled in Assam.

But the day the Independence was announced, the entire North-Eastern Region got geographically isolated. Those areas which were earlier known as the traditional areas of migrants, have become areas of illegal immigrants because before the partition, traditionally, people from West Bengal, Bangladesh and North India used to settle in Assam. At that time, it was called internal migration. But, in the wake of Independence, all of them became midnight children and illegal immigrants and the traditional migration got augmented by the flow of refugees and other illegal immigrants. Therefore, we should conceive a way so as to determine the illegal immigrants and refugees.

A number of estimates often emerged in the media or the other forum also in regard to the number of illegal immigrants. When Shri Indrajit Gupta was the Home Minister, he stated in Parliament that the number of illegal immigrants was 10 million. When Shri L.K. Advani was the Home Minister, he stated that the number of illegal immigrants was estimated at 15 million. The senior bureaucrat Shri P. Raman stated that the number of illegal immigrants went up to 20 million. According to the Law Commission, it is a common perception that in Assam, the number of illegal immigrants was 4.5 million and for West Bengal, it was 5.4 million. About 3,50,000 illegal immigrants are entering our country annually. It is a fact that if you want to hire the cheap labour, the Bangladeshi workers are available....(*Interruptions*)

Sir, in the United States of America, H1B Work Visas are available for the people from other countries. It is a Work Visa. Like that, can we not give Work Visas for the nationals of the other countries so that the problem of illegal immigrants could be dealt with? It has been referred to by even the initiator of the Bill Shri Baijayant Panda. So, this can be considered. By all indications, the Bill is simply seeking to implement the tone and tenor of the existing laws. I think I should support this legislation.

With these words, I conclude.

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र.):** सभाति महोदय, मैं यहां से बोलने के लिए आपसे अनुमति चाहता हूं।

सभापति महोदय, मैंने बहुत गौर से पूरी बहस सुनी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि स्थिति बहुत अलार्मिंग है, क्योंकि अब दो करोड़ का आंकड़ा आ चुका है। मैं अपने आप से पूछता हूं कि इतनी अलार्मिंग स्थिति में क्या अवैध आप्रवासी और स्वीकृत अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए विदेशी राष्ट्रीय (पहचान और विवासन) विधेयक, 2009 इसकी दवाई है। यह जो एक्ट आया है, दो करोड़ का आंकड़ा सामने आया है, मैं भी असम वकील के तौर पर हाई कोर्ट जाता था। वहां जो नदी है, तो लोग नदी के किनारे पचास-सौ किलोमीटर आ जाते हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि यह जो एक्ट बन रहा है, इससे उस समस्या का 0.11 परसेंट निदान होने वाला नहीं है। इसका एक कारण है, जैसे हमारे यहां कोई शुभ कार्य आरम्भ होता है, तो गणेश जी की प्रतिमा लोग स्थापित करते हैं। इसी तरह हर एक्ट में ट्रिब्यूनल बनेगा और ट्रिब्यूनल में आटोमेटिकली हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का जज विराजमान कर दो। इससे तो ट्रिब्यूनल के एक जज और चार सदस्यों की स्थापना हो रही है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सकेगा। मैं बहुत आदर से कहना चाहूंगा कि जनसंख्या के लिए प्लानिंग के बाद इसमें भी फैमिली प्लानिंग होनी चाहिए। संसद में हर सैशन में पचास एक्ट आ रहे हैं।

दूसरी बात मैं आपको एक उदाहरण बता रहा हूं। सैक्शन-3, मैं एकदम लीगल आर्गुमेंट और लीगल बिल बात कह रहा हूं। मैं श्री वैजयंत पांडा जी का स्वागत कर रहा हूं कि उन्होंने बहुत अच्छी तरह से इस स्थिति को आइडेंटीफाई किया है। जैसा इसमें लिखा है -

> "The Commission shall consist of a Chairperson who shall be a serving or a retired Supreme Court judge appointed by the President in consultation with the Chief Justice and four other membersâ€¦"

I put a question to myself and to my friend. Will this mitigate or ameliorate or solve the problem of illegal immigrants? I submit with all respect, 'no'. इसका एग्जीक्यूटिव एक्शन होना चाहिए। मेरा कहना है कि इससे कोई काम बनने वाला नहीं है। आईपीसी एक्ट है कि चोरी करना खराब है, भ्रष्टाचार का भी एक्ट है, तो क्या ब्लैकमनी और क्रप्शन खत्म हो गई है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF

PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI V. NARAYANASAMY): You tell Mr. Panda.

SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA): He is telling it to Mr. Panda only; he is not telling you.

SHRI V. NARAYANASAMY: Thank you.

**श्री विजय बहादुर सिंह :** महोदय, अगर आप इजाजत दें, तो मैं बहुत अच्छी बात सुनाना चाहता हूं। इंग्लैंड में लार्ड डैनिंग चीफ जस्टिस थे। यह बात यहां फिट हो रही है, इसलिए मैं इसका जिक्र कर रहा हूं। एक जंगल में सियार ने मुकदमा दायर किया कि मुझे जंगल में बहुत परेशानी है, क्योंकि सब मुझे खाने का दौड़ते हैं इसलिए मेरा प्रोटोकाल, मेरा स्टेटस टाइगर, जो कि जंगल का राजा है, उसके बराबर कर दीजिए। उसने बहुत नामी-गिरामी वकील हम लोगों की तरह किया और वकील ने बहुत अच्छी बहस की, तो जज ने उसकी बात मान ली।

**सभापति महोदय :** आपने बहुत ढंग से नामी-गिरामी में अपने को जोड़ लिया।

**श्री विजय बहादुर सिंह :** महोदय, आपने सही पकड़ लिया, दूसरे लोग समझ नहीं पाए थे। उस सियार को आर्डर मिल गया कि दो महीने तक उसे वही प्रोटोकाल मिले, जो जंगल के राजा को मिलता है। सियार ने वह स्टे आर्डर अपनी पूंछ से बांध लिया और घूमने लगा। यह बात डैनिंग ने अपनी किताब में कोट किया है। उसके बाद उसकी आंटी फोक्स उससे मिली। सियार ने कहा कि मुझे आर्डर मिल गया है और दो महीने तक मुझे जंगल के राजा का प्रोटोकाल मिलेगा। लोमड़ी ने कहा कि इस आर्डर के चक्कर में मत पड़ो। मैं जहां से आई हूं, रस्ते में मैंने दो-चार जंगली कुत्ते देखें हैं, वे मुसीबत कर देंगे। लोमड़ी अभी सियार को समझा ही रही थी कि दो-तीन कुत्तों ने उसे दौड़ा दिया। लोमड़ी तो अपनी बिल में घुस गई और सियार कुत्तों को पूंछ से लगा हुआ आर्डर दिखा रहा था। सियार को भी समझ आ गया और वह भी अंदर घुस गया, लेकिन उसने अपनी पूंछ बाहर ही रहने दी।

